हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 6 नवंबर, 2025


तापमान

अधिकतम 35.3 डिग्री
न्यूनतम 14.2 डिग्री


12 डेढ़ करोड़ की लागत से विकास योजनाओं का शुभारंभ





12 चातुर्मास सिर्फ परंपरा नहीं बल्कि साधना की जीवनशैली




## खबर संक्षेप

### अंबाला क्लब में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**अंबाला।** अंबाला शहर के अंबाला क्लब में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग क्लब के रिसेप्शन के साथ लगते मैनेजर रूम में लगी, जिससे कमरे में रखा फर्नीचर, डीवीआर, म्यूजिक सिस्टम और एलसीडी जलकर राख हो गए। सिक्योरिटी गार्ड लक्की सिंह बिल्डिंग खोलने पहुंचा तो उसने मैनेजर रूम की खिड़की से धुआं और आग की लपटें निकलती देखीं। उसने तुरंत दूसरे सिक्योरिटी गार्ड को बुलाया और क्लब में मौजूद फायर इंस्ट्रूमेंट से आग पर काबू पा लिया।लक्की सिंह ने बताया कि अगर आग पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया जाता तो नुकसान और भी बड़ा हो सकता था।

### बायोमैट्रिक से हाजिरी में आ रही परेशानी

**जींद।** बायोमैट्रिक मशीन से खिलाड़ियों को हाजिरी लगाने में परेशानी आ रही है। तकनीकी खामियों के चलते मशीन से खिलाड़ियों की हाजिरी अपडेट नहीं हो पा रही है। इससे खिलाड़ी व कोच परेशान हैं। कोच व खिलाड़ियों का कहना है कि बायोमैट्रिक मशीन से हाजिरी लगाने में ज्यादा समय लग जाता है। कई बार सभी खिलाड़ियों की हाजिरी मशीन से लग भी नहीं पाती। जिससे खिलाड़ियों की प्रैक्टिस भी बाधित होती है।

## श्रद्धापूर्वक मनाया गया श्री गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव

# गुरु नानक देव ने सामाजिक कुरीतियों पर किया वार : विज

*ऊर्जा और परिवहन मंत्री अनिल विज बोले, एक पंक्ति में बैठकर लंगर खाने की परंपरा गुरु नानक देव ने ही चलाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

उर्जा, परिवहन मंत्री अनिल विज ने पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य पर सुबह पंजाबी गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका व सभी को पावन अवसर पर शुभकामनाएं दी। गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में विज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत शुभ दिन है।

- विज ने पंजाबी गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका व सभी को पावन अवसर पर शुभकामनाएं दी

गुरू नानक देव ने अपनी शिक्षाओं से सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के लिए बहुत बड़ा काम किया है। उ न्हों ने कीरत करो, वंड छको, एक साथ छोटे-बड़े खाओ, बिना जातपात के खाओ एक बहुत बड़ा अभियान शुरू किया। इसी प्रकार से अच्छे और बुरे पैसों से कमाई संपत्ति के बारे में उन्होंने भाई लालो और भाई मलिक भागो की कहानी सुनाकर समाज को बताया। उन्होंने कहा कि सिख पंथ के पहले गुरू नानक देव का प्रकाश हुआ। जिस समय उनका प्रकाश धरती पर हुआ तो उस समय धरती काफी रूढ़ीवादी विचारों में फंसी व झूठ में लिपटी हुई थी। गुरू नानक देव ने इन सब चीजों से लोगों को खबरदार किया और समझाया कि यह रूढ़ीवादी हमारे धर्म के अनुसार नहीं है। उन्होंने बहुत सारी शिक्षाएं हमें दी। कीरत करो वंड छको, सच्ची ईमानदारी से काम करो बताया। उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि लोग अपने काम धंधे छोड़ सब भगवान की पूजा में लग जाएं। उन्होंने कहा कि कर्म करो और एक साथ बैठकर खाओ। एक पंक्ति में सभी बैठकर लंगर की जो परंपरा चली आ रही है वह गुरू नानक देव ने ही चलाई थी। विज ने कहा कि भाई लालो व भाई मलिक भागो की कहानी भी बहुत सुनाई जाती है। भोजन रखा गया और दोनों ने गुरू नानक देव से कहा हमारे घर खाओ। मगर गुरू नानक देव ने जो गरीब भाई लालो के घर भोजन खाया क्योंकि वो उसकी मेहनत की कमाई का था जबकि दूसरे भाई की कमाई को उन्होंने ठीक नहीं कहा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि गुरू नानक देव ने जगह-जगह कल्याण के कई कार्य किए और विश्व का दौरा किया। दूर जाकर ज्ञान की रोशनी से सभी को रोशन किया।



**अंबाला।** पंजाबी गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकते मंत्री अनिल विज।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के उपप्रधान गुरूविंद्र सिंह सेठी, कोषाध्यक्ष सरदार कुलवंत सिंह, जनरल सचिव मनिंद्र सिंह बिंद्रा, अमरप्रीत सिंह, हरविंद्र सिंह नीटू, सुदर्शन सहगल, संजीव सोनी, रणजीत सिंह, जसबीर सिंह जस्सी, रवि बुदिराजा, राजा, आशीष अग्रवाल, केपी सिंह, प्रवेश शर्मा, बलित नागपाल, बलकेश वत्स, नरेश, मदनलाल शर्मा, अनिल बहल, राजेंद्र सिंह, दीपक भसीन भी मौजूद रहे।

### संगत के बीच बैठकर गुरु का लंगर भी छका

इससे पहले मंत्री अनिल विज ने पंजाबी गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान कुलजीत सिंह बेदी, पूर्व प्रधान बीएस बिंद्रा व अन्य ने उन्हें सिरोपो व कृपाण भेंट की। मंत्री विज ने संगत के बीच बैठकर गुरू का लंगर भी खाया।

# ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से कार चालक की हुई मौत

- छछरौली सरकारी स्कूल के पास हादसा, पत्नी व बेटा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

छछरौली सरकारी स्कूल के पास ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से कार चालक की मौत हो गई। हादसे में मृतक की पत्नी व बेटा घायल हो गए। इनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव काटड़ा निवासी राजबीर सिंह ने बताया कि उसकी बहन पांसरा निवासी कमलेश अपने पति सुरेंद्र 55 वर्षीय व बेटे आकाश के साथ उनके घर मिलने के लिए आई थी। देर शाम जब वह छछरौली सरकारी स्कूल के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में उसकी बहन, जीजा व भांजा घायल हो गए। इसके बाद आरोपी चालक ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर मौके से फरार हो गया। लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसके जीजा सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसकी बहन व भांजा का इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बुजुर्ग के सिर पर टहना गिरने से मौत

*यमुनानगर। पावंटा साहिब से माथा टेक लौट रहे गांव फेजपुर के पास पावंटा साहिब गुरूद्वारे से माथा टेककर वापस लौट रहे पानीपत निवासी 71 वर्षीय बलबीर के सिर पर पेड़ का टहना गिरने से मौत हो गई। मृतक के परिचित महेंद्र सिंह ने बताया कि बलबीर सिंह पड़ोस में रहने वाले अपने भतीजे संजय के साथ पावंटा साहिब गुरूद्वारा से माथा टेकने के लिए गया था। संजय बाइक चला रहा था जबकि बलबीर पीछे बैठा था। जब वह गांव फेजपुर के पास पहुंचा तो सड़क किनारे लगे पेड़ का एक टहना पीछे बैठे बलबीर के सिर पर गिरा। जिससे वह बेहोश होकर संजय के कंधे पर झुक गया। संजय को इस हादसे के बारे में कुछ पता नहीं चला। ऐसे में किसी राहगीर ने संजय को रोककर बताया कि उसके पीछे बैठे बुजुर्ग के सिर से खून निकल रहा है। संजय ने जैसे ही पीछे देखा तो बलबीर घायल था। उसने तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पर दी। थोड़ी ही देर में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायल को नजदीकी सिविल अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।*



मृतक बलबीर का फाइल फोटो।

# हरियाणा ओलम्पिक संघ ने नया अध्याय शुरू किया : मंत्री पंवार





**कुरुक्षेत्र।** खिलाड़ियों को सम्मानित करते हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार। *फोटो : हरिभूमि*

- कबड्डी के खिलाड़ियों को मेडल देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा के खेल इतिहास में हरियाणा ओलम्पिक संघ ने एक नए अध्याय की शुरूआत की है।

इस नए अध्याय के साथ प्रदेश के हजारों खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्टद्रीय स्तर के मुकाम को हासिल करने के लिए एक नया मंच मिला है। इसके लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जितनी तारिफ की जाए वह कम है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार बुधवार को सर्किट हाउस चौक के पास एक आश्रम में हरियाणा ओलम्पिक संघ की तरफ से चल रही राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, जिला परिषद के उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी,सचिव नसीब ने 27वें हरियाणा ओलम्पिक संघ की तरफ से आयोजित महिला व पुरुष कबड्डी खिलाड़ियों से परिचय किया और फाइनल मैच शुरू करवाया।

इस राज्य स्तरीय महिला व पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में सोनीपत की टीम प्रथम, भिवानी द्वितीय, कैथल व रोहतक संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह महिला वर्ग में जींद की टीम प्रथम, चरखी दादरी की टीम द्वितीय और हिसार व भिवानी की टीम संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली टीम को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

### फैक्ट्री से लाखों रुपये के पटाखे चोरी, केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव छोटा लापरा स्थित पटाखा फैक्ट्री से लाखों रुपये के पटाखे चोरी हो गए। फैक्ट्री मालिक ने गांव के ही एक व्यक्ति पर पटाखे चोरी करने के आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

यमुना गली निवासी रितिक गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव लापरा में पटाखा फैक्ट्री है। वह तीन नवंबर को फैक्ट्री से काम खत्म करके ताला लगवाकर घर आ गई थी। अगले दिन उसे सूचना मिली थी कि फैक्ट्री का ताला टूटा पड़ा है और अंदर से पटाखे गायब हैं। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंची। इस दौरान उसे फैक्ट्री से 15 पेटियां शोट बम्ब पटाखे गायब मिले। जिनकी कीमत करीब एक लाख 35 हजार रुपये है।

# धान खरीद घोटाले में हैफेड के जिला प्रबंधक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल में सरकारी धान खरीद में बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आने के बाद हरियाणा सरकार ने कड़ी कार्रवाई की है। हैफेड के जिला प्रबंधक अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

निलंबन आदेश के अनुसार, वेतन एवं भत्ते उन्हें हैफेड कॉमन कैडर नियम 1988 के तहत प्राप्त होंगे और उनका मुख्यालय अब पंचकूला निर्धारित किया गया है। सूत्रों के अनुसार, करनाल और तरावड़ी मंडियों में धान खरीद के दौरान फर्जी गेट पास बनाए गए थे। विभागीय जांच में पाया गया कि मंडी का डेटा सिस्टम बाहरी मोबाइल नंबरों और आईपी एड्रेस से संचालित किया जा रहा था, जिससे सरकारी धान खरीद में करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। फूड एंड सप्लाई विभाग ने पहले ही चार इंस्पेक्टरों, मंडी सचिव, मार्केट कमेटी सचिव, सुपरवाइज़र और कंप्यूटर ऑपरेटरों पर कार्रवाई की थी। अब हैफेड के जिला प्रबंधक के निलंबन से साफ है कि सरकार इस पूरे मामले को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए है। जांच अधिकारियों का कहना है कि अभी और नाम सामने आ सकते हैं तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।



*आरोपी से पिस्टल व 5 रौंद बरामद*

# हत्या सहित कई मामलों में वांछित पांच हजार का ईनामी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने हत्या व हत्या का प्रयास सहित कोशिश व कई मामलों में वांछित 5 हजार का ईनामी आरोपी को अवैध असले सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने अवैध असला रखने के तथा कई मामलों में वांछित आरोपी राहुल मलिक वासी मोहननगर जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 1 पिस्टल व 5 जिन्दा रौंद बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक प्रवेश कुमार, संदीप कुमार, सिपाही सतवीर व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में सन्हित सरोवर कुरुक्षेत्र के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि राहुल मलिक वासी मोहन नगर जिला कुरुक्षेत्र के पास अवैध असला है जो 18 मजिला मंदिर के पास किसी से मिलने के लिए आया हुआ है। अगर 18 मंजिला मंदिर के आस-पास पर पहुंचकर निगरानी की जाए तो राहुल अवैध असले सहित काबू आ सकता है।

सूचना पर पुलिस टीम ने 18 मंजिला मन्दिर पहुंचकर निगरानी शुरू की। थोड़ी देर बाद पुलिस टीम को एक नौजवान लडका 18 मंजिला मंदिर की पार्किंग में घूमता हुआ दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम ने नाजायज असला के शक के आधार पर काबू किया।

### डेढ़ दर्जन मामले दर्ज

अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी राहुल मलिक वासी मोहननगर के खिलाफ जिला कुरुक्षेत्र के अलग-अलग थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, लड़ाई-झगड़े तथा आर्मज एक्ट जैसे 17 मामले दर्ज हैं। जिनमें 1 मामला हत्या, 7 मामले हत्या का प्रयास तथा 9 मामले आर्म्ज एक्ट सहित अन्य धाराओं में दर्ज हैं। इनमे से कई मामलों में आरोपी की गिरफ्तारी बकाया है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से 2 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया।

# तालाब में मगरमच्छ से ग्रामीणों में दहशत

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा के रुआं गांव के तालाब में मगरमच्छ देखे जाने के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मगरमच्छ के डर की वजह से कोई भी अपने पशुओं को तालाब के पास भी नहीं लेकर जा रहा है। गांव के 2 अलग-अलग तालाब में 2 मगरमच्छ देखे जाने की सूचना है। इनमें एक मगरमच्छ 8 से 10 फुट लंबा बताया जा रहा है, जबकि दूसरे की लंबाई 6 फुट है। ग्रामीणों ने इन मगरमच्छों को पकड़ने के लिए वन्य जीव-जंतु प्राणी विभाग को सूचना दी है। रुआं गांव के अंकित ने सबसे पहले मगरमच्छ को देखा था। गांव के तालाब के साथ ही अंकित की जमीन है। खेत में अंकित पशुओं के लिए चारा लेने गया था, उस समय मगरमच्छ उसके खेत के पास ही मुंह खोलकर धूप सेंक रहा था। अंकित की नजर उस पर पड़ी, तो मगरमच्छ तुरंत तालाब में उतर गया। वन्य जीव- जंतु प्राणी विभाग के कर्मी सुभाष ढुल ने लोगों को तालाब के पास नहीं जाने की हिदायत दी है। साथ ही अपने बच्चों और मवेशियों को भी तालाब से दूर रखें। मगरमच्छ के पकड़े जाने तक पूरी सावधानी बरतना जरूरी है। हालांकि तालाब में मगरमच्छ होने की सूचना से ग्रामीण सतर्क हैं।

# हरियाणा-उत्तरप्रदेश सीमा विवाद फिर भड़का

**करनाल।** हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच यमुना नदी किनारे बने रास्ते को लेकर सीमा विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। करनाल ज़िले के अंतर्गत पड़ने वाले इस मार्ग पर दोनों राज्यों ने अपना-अपना दावा ठोक दिया है। मामला अब इतना गंभीर हो गया है कि दोनों राज्यों के प्रशासनिक अधिकारी आमने-सामने आ गए हैं। जानकारी के अनुसार, विवादित क्षेत्र करनाल जिले की सीमा से सटे शामली जिले के गांव शीतलगढ़ी के पास यमुना पुल के आसपास का है। इस रास्ते को लेकर खनन ठेकेदारों के बीच विवाद शुरू हुआ था, जो अब दोनों राज्यों के राजस्व विभागों तक पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश प्रशासन का दावा है कि राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार यह मार्ग गांव शीतलगढ़ी की सीमा में आता है। वहीं, हरियाणा प्रशासन का कहना है कि यह हिस्सा करनाल ज़िले की सीमा में स्थित है और इस पर यूपी का कोई अधिकार नहीं है। पिछले दिनों इस विवाद को सुलझाने के लिए प्रशासनिक बैठक बुलाई गई थी, परंतु हरियाणा पक्ष के अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हुए। अब दोनों राज्यों ने मामले को सर्वे ऑफ इंडिया के पास भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह तय होगा कि विवादित भूमि किस राज्य के अधिकार क्षेत्र में आती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यमुना किनारे यह रास्ता लंबे समय से दोनों राज्यों के लोगों के आवागमन के लिए इस्तेमाल होता रहा है, लेकिन खनन गतिविधियों में वृद्धि के बाद से विवाद तेज़ हो गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है ताकि किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।

- यमुना किनारे रास्ते पर दोनों राज्यों का दावा

## पांच दिवसीय ऐतिहासिक कपाल मोचन मेले का समापन, श्रद्धालुओं ने तीर्थस्थल से खरीदे बर्तन

# आस्था और विश्वास के साथ लाखों श्रद्धालुओं ने किया पूर्ण स्नान

- कार्तिक पूर्णिमा की अर्धरात्रि को जगमगा उठा तीर्थस्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

उत्तर भारत के सिंधुवन में स्थित प्रसिद्ध, ऐतिहासिक एवं धार्मिक तीर्थस्थल कपाल मोचन में चल रहे पांच दिवसीय अंतरराज्यीय मेले में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पूर्ण स्नान करने के बाद बुधवार तड़के से श्रद्धालु अपने घरों को लौटने लगे हैं। मेला में लाखों श्रद्धालुओं ने तीनों सरोवरों में स्नान किया और वहां पर स्थित सभी मंदिरों और गुरूद्वारों में पूजा अर्चना की।

पूर्ण स्नान से पहले शाही स्नान का आयोजन किया गया। इसके बाद मेले में आए विभिन्न धर्मो के श्रद्घालुओं ने तीनों सरोवरों में स्नान करने के लिए एक दूसरे का पल्लू पकड़ कर अपनी रक्षा पंक्ति बनाकर एक सरोवर से दूसरे सरोवर में पूर्ण स्नान किया और प्रभु से सुख समृद्धि की कामना की।

कपालमोचन तीर्थ स्थल पर बीती अर्धरात्रि से श्रद्धालु स्नान करने लगे थे। हालांकि पूर्ण स्नान ब्रहममुहूर्त में किया गया। इस दौरान मंदिरों, गुरूद्वारों और पवित्र सरोवरों के घाटों पर प्रशासन द्वारा लगाए गए बल्ब व लडियां काफी मनोहारी लग रही थी। तीर्थ स्थल कपाल मोचन में पूर्ण स्नान के दौरान श्रद्घा, भक्ति और विश्वास का यहां अदभूत नजारा देखने को मिल रहा था। श्रद्धालुओं ने स्नान कर दीप दान किया और मन्नतें मांगी।



**यमुनानगर।** मेले में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पूर्ण स्नान करते श्रद्धालु।

### दूधाधारी बाबा की समाध पर पूजा करने से मन्नत पूरी होने का श्रद्धालुओं को विश्वास

*भगवान सिंह राणा ▶▶ यमुनानगर*

*ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल कपालमोचन की महिमा निराली है। इसके सरोवरों में स्नान करने से जहां श्रद्धालु मोक्ष की कामना करते हैं, वहीं, सूरजकुंड सरोवर के तट पर बनी दूधाधारी बाबा की समाध काफी चमत्कारी है। मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बुधवार को तीनों सरोवरों में पूर्ण स्नान करने के बाद दूधाधारी महाराज की समाध पर माथा टेका और पूजा अर्चना करके अपनी मन्नत मांगी। ऐसी मान्यता है कि यहां मांगी गई हर मन्नत पूर्ण होती है। इस पवित्र स्थान पर माता कुंती ने सूर्य देव की तपस्या की, जिसके कारण उन्हें पुत्र कर्ण की प्राप्ति हुई। मान्यता है कि अकबर-ए-आजम के शासनकाल के समय तक इस स्थान पर आबादी नहीं थी। केवल जंगल ही था। क्योंकि उस वक्त जनसंख्या कम थी। बताया जाता है कि कपालमोचन तीर्थ के समीप स्थित एक टीले पर झाड़ी के नीचे दूधाधारी बाबा केश्वदास जी तपस्या करते थे। एक दिन अकबर साम्राज्य के परगना साढ़ौरा के काजी फिमूदीन जो कि निसंतान एवं वृद्घ थे, शिकार खेलते हुए पानी की तलाश में यहां आए तो उन्होंने तपस्यालीन महात्मा केशवदास तक पहुंचने का प्रयास किया। लेकिन जैसे ही वे उसके समीप पहुंचे तो अंधे हो गए। मगर जब महात्मा केशवदास ने तपस्या उपरांत आंखे खोली तो कहा कि तुम उनकी समाधि की परिधि के अन्दर आ गए हो, इसलिए कुछ पीछे हट कर अपनी बात कहो। तब काजी जैसे ही पीछे हटे तो उन्हे पुनः दिखाई देने लगा और उन्होंने स्वयं को निसंतान होने की बात कही व संतान की कामना की। इस पर केशवदास जी ने उन्हे एक वर्ष बाद अपनी बेगम सहित आने को कहा। बताया जाता है कि एक वर्ष की अवधि के उपरांत काजी फिमूदीन के घर लड़का पैदा हुआ। जिसे लेकर वह सपरिवार महात्मा केशवदास के पास पहुंचे। उन्होंने केशवदास के आर्शीवाद से तीर्थ स्थल पर श्रीराम मंदिर बनवाया। कहा जाता है कि श्रीराम मंदिर में रोजाना चिराग जलाया जाने लगा और काजी रोजाना चिराग देखकर ही खाना खाने लगे। उन्हीं के वंशज के रूप मे साढ़ौरा में आज भी काजी मौहल्ला आबाद है।*

*इस कारण हिन्दू व सिक्खों के अलावा मुस्लिम धर्म के लोग भी कपाल मोचन तीर्थ एवं मेला के प्रति श्रद्घा रखते हैं। कपालमोचन मेले में हर वर्ष नागा बाबा आकर सूरजकुंड पर दूधाधारी बाबा की समाध के आसपास धूना लगाते हैं। वह मेले के दौरान बाबा की समाध के ईर्द-गिर्द रहकर तप में लीन रहते हैं। इस मेले में भी दर्जनों बाबा धूने पर तप कर रहे हैं।*



यमुनानगर के कपाल मोचन मेले में सूरजकुंड के तट पर स्थित बाबा दूधाधारी की समाध पर पूजा अर्चना करने जाते श्रद्धालु।

### फिरौती मामले का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने फिरौती, हत्या के प्रयास व परिजन एक्ट के मामले में वांछित मुठभेड़ में घायल आरोपी हस्पताल से छुट्टी के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने मुठभेड़ में घायल आरोपी सुखविंदर उर्फ सुखी वासी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है।

पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि सुखविंदर सुखी जोकि कई मामलों में वांछित है अवैध हथियार लेकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर अपराध अन्वेषण शाखा-1 के सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार, प्रवेश कुमार, कुलदीप कुमार व साथी मुलाजमान की टीम गठित करके सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस टीम जब नेशनल हाइवे-44 पर स्थित गांव प्रतापगढ़ के पास पहुंची तो पुलिस टीम ने आरोपी सुखविंदर सिंह को देखा।

## खबर संक्षेप



### घर में घुसकर नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** थाना सदर यमुनानगर की पुलिस टीम ने घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, सदर यमुनानगर थाना प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग लड़की ने उसको बताया कि जब वह अपने घर में कपड़े बदली कर रही थी तो आरोपी आशीष उसके घर में जबरदस्ती घुस आया और उसकी लड़की के साथ गलत हरकत की। इस दौरान आरोपी ने उसकी लड़की के हाथ पकड़े व उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। जब उसकी लड़की ने शोर मचाया तो आरोपी युवक उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। इस पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

### कपालमोचन मेले से लौटते वक्त बर्तन खरीदने की बरसों से चली आ रही परंपरा

# मेले की समाप्ति पर जगाधरी में बर्तन खरीदने उमड़े श्रद्धालु

- जगाधरी बस स्टैंड के आसपास रही काफी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रसिद्ध कपाल मोचन मेले की समाप्ति पर बुधवार को जगाधरी में मेले का लघु रूप दिखाई दिया। ऐसी मान्यता है कि यहां से बर्तन खरीदने से घर में समृद्धि बनी रहती है। बुधवार सुबह से ही जगाधरी बर्तन बाजार, खेड़ा बाजार, छोटी लाइन, सिविल लाइन व हिंदू गर्ल्स कॉलेज रोड पूरी तरह से श्रद्धालुओं से भरा हुआ था। ज्यादातर श्रद्धालुओं ने जगाधरी बस स्टैंड के आसपास बर्तनों के स्टॉलों से भारी मात्रा में खरीददारी की। जगाधरी का सेना मैदान श्रद्धालुओं के वाहनों से भरा हुआ था और जगाधरी बस स्टैंड के आसपास भी एक छोटा मेला दिखाई दे रहा था। प्रत्येक श्रद्धालु ने मेले तथा जगाधरी से कुछ न कुछ अवश्य खरीदा। खरीददारी कर रहे पंजाब के होशियारपुर निवासी राजबीर, मनिंद्र कौर, रोशनी, बबीता व जसवंत आदि ने बताया कि इस मेले की परम्परा है कि यहां श्रद्धालु बर्तन और बैठने वाले छोटे पिहड़े अवश्य खरीदते हैं क्योंकि बर्तनों को वह समृद्धि का सूचक तथा पिहड़ों को वंशवृद्धि का सूचक माना जाता है। उनके पूर्वज भी मेले की समाप्ति पर बर्तन व पिहड़े खरीदते थे।



**यमुनानगर।** कपालमोचन मेले में पूर्ण स्नान के बाद जगाधरी में लगे मिनी बाजार में बर्तन खरीदते श्रद्धालु।

#### मेला संपन्न होने पर रही जाम की स्थिति

- ऐतिहासिक तीर्थ स्थल कपालमोचन मेले में पूर्ण स्नान करने के बाद मेला संपन्न होने पर जैसे ही श्रद्धालुओं ने अपने गंतव्य पर लौटना शुरू किया तो मार्गों पर जाम की स्थिति बन गई। शुक्रवार को दिन भर बिलासपुर मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही।



**यमुनानगर।** कपालमोचन मेले में सुरजकुंड सरोवर के तट पर खड़ा बेरी का पेड़।

#### श्रद्धालुओं ने तोड़ा बेरी का पत्ता, पर्स में रखा

*. यमुनानगर। महर्षि वेदव्यास की तपोस्थली रहे श्री कपाल मोचन मेले के समापन पर बुधवार को पूर्ण स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने सुरजकुंड सरोवर के तट पर दूधिया बाबा की समाध के पास खड़े बेरी के पेड़ की परिक्रमा की और उसका पत्ता तोड़कर पर्स में रखा। मान्यता है कि पूर्ण स्नान के बाद बेरी का पत्ता तोड़कर पर्स में रखने से वर्ष भर आर्थिक संपन्नता मिलती है और पर्स खाली नहीं रहता है। तीर्थ स्थल पर विदाई से पहले श्रद्धालुओं ने दूधिया बाबा की समाध के पास खड़े बेरी के पेड़ से पत्ते को तोड़कर अपने घर में सुख समृद्धि के लिए पर्स में रखा। बताया गया है कि दूधिया बाबा की मजार पर खड़ा बेरी का पत्ता अपने पर्स में रखने से कभी धन धान्य की कमी नहीं होती। बेरी के पेड़ की परिक्रमा करते हुए श्रद्धालु परमिंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, रोहित व जगपाल आदि ने बताया कि मेले की समाप्ति पर दूधिया बाबा की समाध की परिक्रमा करने के बाद वहां खड़े बेरी के पेड़ से एक पता तोड़ना समृद्धि के लिए शुभ माना जाता है।*



**यमुनानगर।** श्री कपाल मोचन मेले में आयोजित शिविर में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

## मेले में तैनात रहे चिकित्सक खाने-पीने के भी भरे सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्री कपाल मोचन में चल रहे 5 दिवसीय मेले में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिसके के लिए मेले में आए श्रद्धालुओं ने सराहना की है। जिला सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्र सिंह ने स्वास्थ्य जांच सेवा में लगे कर्मचारियों को बधाई दी है।

सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान रखते हुए प्रतिदिन डॉक्टरों द्वारा खाने-पीने के सामान वितरण करने वालों की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया और भंडारों के खाने की भी प्रतिदिन चेकिंग की गई। उन्होंने बताया कि लोगों को साफ सुरक्षित पानी मिले इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी के 52 बैक्टीरियोलॉजिकल टेस्ट के लिए सैम्पल लेकर लैब भेजे गए हैं, जिसकी रिपोर्ट अभी लंबित है और 848 ओटी टेस्ट के सैंपल लिए गए जो कि सभी टेस्ट फिट पाए गए।

#### 10 एंबुलेंस रहीं तैनात

उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं जैसे बीपी, शुगर, खांसी, बुखार, दर्द एवं पेट खराब होने पर मौके पर मौजूद डॉक्टर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा दवाइयां देकर इलाज किया गया। मेले में अलग-अलग स्थानों पर 10 एंबुलेंस की ड्यूटी भी लगाई गई। इसके अतिरिक्त मेले में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जागरुकता के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. शमा परवीन ने बताया कि 5 दिवसीय मेले में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व्यासपुर को श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए बेस अस्पताल बनाया गया था।

## सूरसैन जयंती को लेकर दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

महाराजा सूरसैन जयंती के अवसर पर 16 नवम्बर को नारनौल की अनाज मंडी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह को लेकर सैनी सामाज रादौर ने बुधवार को दर्जन भर गांव में जनसम्पर्क कर समाज के लोगों को निमंत्रण दिया।

इस दौरान निमंत्रण पत्र देने के अभियान में सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने नेतृत्व किया। सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि बुधवार को सदस्यों ने गांव कांजनू, धौडंग व फतेहगढ़ आदि समेत दर्जन भर गांवों में जाकर समाज के लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमत्रिंत किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर गांवों का दौरा किया जा रहा है। विधानसभा रादौर क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग भाग लेने नारनौल रवाना होंगे।

राज्य स्तरीय समारोह सोमवार 16 नवंबर को नई अनाज मंडी नारनौल में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने सभी से अपील की है कि सभी अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।



**यमुनानगर।** रादौर क्षेत्र के गांव में जनसम्पर्क करते सैनी समाज के सदस्य।

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर रोहित सैनी, कुलदीप सैनी, राजकुमार सैनी, नरेंद्र सैनी, सुरेश सैनी, सुनील सैनी, हर्ष सैनी, सतीश सैनी, दर्शन सैनी आदि उपस्थित रहे।

## चोरों ने तीन स्थानों से चुराया हजारों का सामान

- दुर्गा गार्डन जगाधरी में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर चांदी का सामान व नकदी चुराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में चोरों ने तीन स्थानों से हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, दुर्गा गार्डन जगाधरी निवासी मदन मोहन दयाल ने बताया कि वह 18 अक्टूबर को घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। तीन नवंबर को जब वह वापस घर लौटा तो घर में सामान बिखरा मिला।

जांच करने पर घर से एक एलईडी, चांदी के पांच सिक्के, एक चांदी की कटोरी तथा 10 हजार रुपये गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

#### कपालमोचन मेले में गई महिला का पर्स चोरी

*एसएस अस्पताल व्यासपुर निवासी प्रीति ने बताया कि वह तीन नवंबर को शाम छह बजे कपाल मोचन मेले में गई थी। जब वह ऊधम सिंह चौक के पास कपड़ा बाजार में खरीददारी कर रही थी तो अज्ञात ने उसका पर्स चोरी कर लिया। पर्स में 26 सौ रुपये थे। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।*

#### तेजली खेल परिसर से हजारों का सामान चोरी

जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता ने बताया कि चोरों ने 31 अक्टूबर की रात को तेजली खेल परिसर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर से सामान चोरी कर लिया। जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपये है। जब कर्मचारी सुबह खेल परिसर में पहुंचे तो उन्हें अंदर सामान बिखरा मिला और उसे चोरी की सूचना दी। सूचना मिलती ही वह मौके पर पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस को दी।

## ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से कार चालक की मौत, 2 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छछरौली सरकारी स्कूल के पास ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से कार चालक की मौत हो गई। हादसे में मृतक की पत्नी व बेटा घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव काटड़ा निवासी राजबीर सिंह ने बताया कि उसका बहन पांसरा निवासी कमलेश अपने पति सुरेंद्र 55 वर्षीय व बेटे आकाश के साथ उनके घर मिलने के लिए आई थी। देर शाम जब वह छछरौली सरकारी स्कूल के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में उसकी बहन, जीजा व भांजा घायल हो गए। इसके बाद आरोपी चालक ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर मौके से फरार हो गया। लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसके जीजा सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसकी बहन व भांजा का इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

#### पेड़ का टहना गिरने से बुजुर्ग की मौत



गांव फेजपुर के पास पावंटा साहिब गुरुद्वारे से माथा टेककर वापस लौट रहे पानीपत निवासी 71 वर्षीय बलबीर के सिर पर पेड़ का टहना गिरने से मौत हो गई। मृतक के परिचित महेंद्र सिंह ने बताया कि बलबीर सिंह पड़ोस में रहने वाले अपने भतीजे संजय के साथ पावंटा साहिब गुरूद्वारा से माथा टेकने के लिए गया था। संजय बाइक चला रहा था जबकि बलबीर पीछे बैठा था। जब वह गांव फेजपुर के पास पहुंचा तो सड़क किनारे लगे पेड़ का एक टहना पीछे बैठे बलबीर के सिर पर गिरा। जिससे वह बेहोश होकर संजय के कंधे पर झुक गया। संजय को इस हादसे के बारे में कुछ पता नहीं चला। ऐसे में किसी राहगीर ने संजय को रोककर बताया कि उसके पीछे बैठे बुजुर्ग के सिर से खून निकल रहा है। संजय ने जैसे ही पीछे देखा तो बलबीर गंभीर रूप से घायल था। घायल को नजदीकी सिविल अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा रादौर में कार्यक्रम

## पूर्व मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता का श्रद्धापूर्वक मनाया जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

अग्रवाल वैश्य समाज के तत्वावधान में रादौर में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी बनारसी दास गुप्ता का जन्मदिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश संगठन मंत्री एडवोकेट पुनीत गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।



मुख्य अतिथि एडवोकेट पुनीत गर्ग ने कहा कि बनारसी दास गुप्ता प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री के साथ-साथ स्वतंत्रता सेनानी भी थे। बाबू जी के नाम से मशहूर बनारसी दास गुप्ता का जन्म 5 नवम्बर 1917 को तत्कालीन पंजाब के जींद जिले के मानेहरु गांव में लाला रामसरूप दास जी के घर हुआ। पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रेरणादायी भाषण से प्रभावित होकर वे पढ़ाई छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े और संघर्ष समिति की स्थापना की।

स्वतंत्रता आंदोलन में उनको कई बार जेल भी जाना पड़ा। बनारसी दास गुप्ता जी की गतिविधियां देखकर जींद रियासत में उन्हें 1941 में गिरफ्तार करके फरीदकोट जेल में बंद कर दिया था। भारत छोड़ो आंदोलन में भी बनारसी दास गुप्ता ने भाग लिया और 1942 से 1944 तक जेल में बंद रहे। आजादी के पश्चात बनारसी दास जी ने जींद रियासत को भारत में शामिल करने के लिए आंदोलन किया और वहां समानांतर सरकार बनाई। तत्कालीन गृहमंत्री सरदार पटेल द्वारा जींद को पंजाब में सम्मिलित करने के समझौते के बाद ही यह आंदोलन समाप्त हुआ।

## कार्तिक पूर्णिमा पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कॉलोनी में कार्तिक माह की कथा के समापन अवसर पर एवं कार्तिक पूर्णिमा पर बुधवार को हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मुख्य यजमान के रूप में सुरेंद्र मग्गो व रिचा मग्गो मौजूद थे। मंदिर के आचार्य शारदा मिश्रा ने विधि विधान के साथ यज्ञ संपूर्ण करवाया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आचार्य मिश्रा ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा इस दिव्य माह की पूर्णिमा का प्रतीक है। ऐसा माना जाता है कि इसी दिन भगवान विष्णु ने पवित्र वेदों को एक भीषण बाढ़ से बचाने के लिए मत्स्य अवतार लिया था। एक अन्य मान्यता के अनुसार, इसी दिन भगवान शिव ने राक्षस त्रिपुरासुर का वध किया था। इसलिए इसे देव दिवाली भी कहा जाता है। जो स्वयं देवताओं द्वारा मनाया जाने वाला प्रकाश का त्योहार है। यह पावन अवसर भक्तों को याद दिलाता है कि प्रकाश, सत्य और भक्ति सदैव अंधकार पर विजय प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि कार्तिक मास का गहरा संदेश भक्ति और समर्पण में निहित है। यह सिखाता है कि सच्ची पूजा दिखावे में नहीं, बल्कि ईमानदारी में होती है। केवल एक दीया जलाने या शुद्ध श्रद्धा से भगवान विष्णु का नाम जपने से भी आध्यात्मिक विकास हो सकता है। आचार्य मिश्रा ने कहा कि कार्तिक मास की कथा हमें याद दिलाती है कि अनुशासन, करुणा और विनम्रता के माध्यम से दिव्य संबंध स्थापित किया जा सकता है। इस महीने की शिक्षाएं समय के साथ गूंजती रहती हैं और हमें याद दिलाती हैं कि हमें अपना हृदय शुद्ध और अपने कर्म निःस्वार्थ रखने चाहिए। इस मौके पर राकेश शर्मा, अनिल लंबा, दविंदर मेहता, अमित, पंडित अंकित, पंडित राजन, सोम प्रकाश ओबेरॉय, योगेश भल्ला, रश्मि मिश्रा, अलका मेहताए, सीमा ओबेरॉय, रिया जांबा, हेमा मुख्य रूप से उपस्थित थे।



**यमुनानगर।** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर हवन यज्ञ में भाग लेते श्रद्धालु।

**धर्म**

### डीएवी पब्लिक स्कूल समेत विभिन्न स्कूलों में धूमधाम से मनाया गुरु पर्व

# गुरुनानक देव ने की नए युग की शुरुआत : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर रादौर के विभिन्न स्कूलों में धूमधाम से गुरु पर्व मनाया। इस दौरान डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नगर कीर्तन का आयोजन किया। वहीं, एक अन्य स्कूल द्वारा बच्चों को गुरुद्वारा साहिब ले जाया गया, जहां पर बच्चों ने माथा टेका और श्री गुरु नानक देव जी द्वारा दी गई शिक्षाओं का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

डीएवी पब्लिस स्कूल रादौर में गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाशोत्सव पर बच्चों द्वारा नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन स्कूल परिसर से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अंत में शुभारंभ स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान कस्बे में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों ने प्रसाद बांटकर व पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया। नगर कीर्तन में स्कूल के नर्सरी विंग के बच्चों द्वारा शबद व गुरुवाणी का पाठ किया गया। स्कूल प्रांगण में पहुंचने पर विद्यार्थियों को लंगर व कड़ाह प्रसाद का वितरण किया। स्कूल स्टाफ द्वारा सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। इस अवसर पर प्रिंसीपल रमन शर्मा ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज में एक नए युग की शुरुआत की और लोगों को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। हम सभी को उनकी शिक्षाओं व आदर्शों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

मून स्टार प्री स्कूल में सतगुरु बाबा गुरु नानक देव जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों को गुरुद्वारा साहिब ले जाया गया। विद्यार्थियों को गुरु नानक देव जी द्वारा दी गई शिक्षाएं कीरत करो, नाम जपो व बांट कर खाओ के बारे में बताया गया। वहीं ऊंच नीच के भेदभाव को समाप्त किया गया। पंगत में बैठकर लंगर की सेवा भी गुरु नानक देव जी द्वारा शुरू की गई। विद्यार्थियों ने मूल मंत्र का जाप किया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रसमीन कौर, कोऑर्डिनेटर रितु देवी व स्टाफ सदस्यों ने भी गुरु नानक देव जी के गुरु पर्व की सभी को बधाई दी।



**यमुनानगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित नगर कीर्तन में भाग लेते हुए बच्चे ।




मून स्टार प्री स्कूल के बच्चे गुरुद्वारा साहिब में अरदास करते हुए।

### घर में घुसकर युवक पर किया हमला

**यमुनानगर।** गांव गुंदियाना में एक महिला व युवक ने घर में घुसकर गांव के ही प्रिंस पर हमला कर घायल कर दिया, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी महिला व युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, गांव गुंदियाना निवासी प्रिंस ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 24 अक्टूबर को रात पौने 10 बजे वह घर पर था। इस दौरान मोहित व रुचि उनके घर में घुस गए। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब उसके परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



**यमुनानगर ।** संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक।

#### रचनात्मक व आलोचनात्मक सोच जरूरी

**रादौर।** यमुनानगर के गांव हरनौल में स्थित संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बुधवार को रचनात्मक और आलोचनात्मक सोच विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में सुरेंद्रा हाई स्कूल के शिक्षकों ने भी विशेष रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल सुरेश कुमार ने की। कार्यक्रम में सुरेंद्रा हाई स्कूल की प्रिंसिपल सोनिया नरूला विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रही। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में विषय विशेषज्ञ कपिल बत्रा भाग लिया। मुख्य वक्ता कपिल बत्रा ने शिक्षको को रचनात्मक व आलोचनात्मक विषय के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक शिक्षक में रचनात्मक व आलोचनात्मक सोच के कौन कौन से मूल्य होने चाहिए। ताकि वह अपने विद्यार्थियों में भी इस प्रकार की सोच का विकास हो सके। स्कूल के प्रिंसिपल सुरेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षको में रचनात्मक व आलोचनात्मक के प्रति जागरूकता पैदा करन रहा। ताकि वह अपने विद्यार्थियों में भी इस प्रकार की सोच का विकास हो सके। सभी ने मुख्यवक्ता कपिल बत्रा का आभार प्रकट किया।

## खबर संक्षेप



### गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर लगाया रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** श्रीगुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा श्रीनानक दरबार रतगल में कृष्णा चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस पुनीत कार्य का आयोजन पूर्व सरपंच सुरजीत सिंह और लिटिल मिलेनियम के निदेशक परमिंदर सिंह बाठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने शिरकत की।

### गुरु नानक देव के उपदेश सिख धर्म की आधारशिला



**कुरुक्षेत्र।** गुरुनानक देवजी की जयंती एवं प्रकाश पर्व न केवल सिख समुदाय के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि पूरे विश्व में मानव, धार्मिक और सेवा भावना का संदेश फैलाने वाला एक महान उत्सव है। सिख धर्म के प्रथम गुरु, करुणा, सत्य और समानता के प्रतीक श्री गुरु नानक देव जी एक महान संत एवं मानवता की सेवा के लिए एक प्रेरणा है। यह विचार गुरु नानक देव जी की जयंती,प्रकाश पर्व एवं कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश ने व्यक्त किये। कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों को शिक्षण सामग्री भेंट की गई।

### मानव जीवन की रक्षा में रक्तदान सर्वोपरि : गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग तथा एलएनजेपी अस्पताल, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के क्रश हाल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में बतौर मुख्यातिथि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमएए) के पूर्व अध्यक्ष व अग्रवाल नर्सिंग होम के ईएनटी सर्जन विशेषज्ञ डॉ. ऋषिपाल ने कहा कि मानव जीवन की रक्षा में रक्तदान सर्वोपरि है।

### संत शिरोमणि जाट धन्ना भगत की मूर्ति का अनावरण 8 को

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला के मंदिर में संत शिरोमणि जाट धन्ना भगत की मूर्ति का अनावरण समारोह 8 नवम्बर को किया जाएगा। धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधान कृष्ण श्योकंद ने बताया कि समारोह महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सान्निध्य में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी शिरकत करेंगे व अध्यक्षता गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान करेंगे।

## कई प्रदेशों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने रथ खींचकर पुण्य कमाया

# धर्मनगरी में निकली भगवान ब्रह्मा रथ यात्रा, भगवान ब्रह्माजी के गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अमीन रोड स्थित ब्रह्मा मंदिर जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ की ओर से भगवान श्री ब्रह्मा जी की रथ यात्रा का भव्य आयोजन हुआ। कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान ब्रह्मा जी के रथ को खींच धर्म लाभ कमाया और सर्व कल्याण की मन्नतें मांगी। धर्म नगरी में पूरा दिन भगवान ब्रह्मा जी के जयकारा गूंजे। संघ संस्थापक स्वामी शक्तिदेव जी महाराज व स्वामी संतोष ओकार जी महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों से श्रद्धालु धर्म नगरी पहुंचे। सुबह यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ भगवान श्री ब्रह्मा परिवार का दुग्धाभिषेक कर सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित कर उन्हें शंख घड़ोल के साथ रथ पर स्थापित किया गया। आयोजन में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया और रथ खींच धर्म लाभ कमाया। संघ के अध्यक्ष स्वामी संदीप ओंकार के नेतृत्व में सभी ने भगवान श्री ब्रह्मा जी का रथ खींच कर और माथा टेककर सर्व कल्याण की मन्नतें मांगी। रथ यात्रा में शाहबाद के विधायक रामकरण काला, दिल्ली से पूर्व विधायक सोमेश गुप्ता, विश्व धर्म संसद के पदाधिकारी धर्म सिंह कौशिक, इंग्लैंड से विशेष तौर पर पहुंचे शुक्ला, इटावा से संत खड़े जी महाराज, संत पूजा वत्सल महाराज ने भी रात को खींचकर धर्म लाभ कमाया। इसके अलावा आदिशक्ति भद्रकाली मंदिर से पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने संघ संस्थापक स्वामी शक्ति देव महाराज व गुरु माता संतोष ओंकार जी को भद्रकाली की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जय ओंकार आश्रम के संचालक पंडित शिव नारायण दीक्षित, एडवोकेट जय नारायण दीक्षित, राजेश दहिया आदि मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। संघ संस्थापक स्वामी शक्ति देव महाराज व गुरु माता संतोष ओंकार, स्वामी संदीप ओंकार का माला पहनाकर स्वागत करते भक्तजन।



कुरुक्षेत्र। ब्रह्मा रथ यात्रा में शामिल झांकिया।

### रथ खींचने वाले पर होती विशेष कृपा : स्वामी शक्तिदेव

स्वामी शक्तिदेव महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कार्तिक पूर्णिमा भगवान ब्रह्मा जी का विशेष दिन है। हमें इस पर्व पर विशेष रूप से शामिल होना चाहिए और भगवान ब्रह्मा के रथ के दर्शन करने चाहिए। वहीं रथ को श्रद्धा के साथ खीचने वाले जीव पर सृष्टि रचिता ब्रह्मा भगवान की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

### महिलाओं ने शीश पर सजाया कलश, रथ रहा आकर्षण का केंद्र

रथ यात्रा के दौरान परिवार की सुख समृद्धि के लिए शीश पर कलश धारण करने का भी विधान है। इस उद्देश्य के साथ 1100 महिलाओं ने अपने शीश पर कलश धारण किया और रथ यात्रा के साथ चलते हुए धर्म नगरी की परिक्रमा की। रथ यात्रा में 52 झांकियों को शामिल किया गया। जिनमें भगवान ब्रह्मा रथ आकर्षण का केंद्र रहा। झांकियों में गौ माता भगवान ब्रह्मा परिवार भगवान विष्णु के सभी अवतार दुर्गा के नौ स्वरूप सहित अन्य झांकियां शामिल रही।

### जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत

भगवान ब्रह्मा रथयात्रा की शुरूआत जय ओंकार आश्रम से हुई, इसके बाद राजेश पायलट चौक, 100 फूटा रोड, सलारपुर रोड, रेलवे रोड से गुरुद्वारा छठी पातशाही, बस स्टैंड से श्रद्धानंद चौक, कुटिया रोड से रेलवे कॉलोनी होते हुए वापस अमीन रोड पहुंची। स्थान स्थान पर श्रद्धालुओं ने फूलों से स्वागत किया। यात्रा में राजनीतिक, सामाजिक लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी पहुंचकर धर्मलाभ कमाया।

## गुरुद्वारा साहिबान में नवाया शीश

# श्रीगुरु नानक देवजी के प्रकाश पर्व पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



कुरुक्षेत्र। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाती संगत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिबान में हजारों की तदाद में संगत ने शीश नवाया। यहां सुशोभित गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली एवं छठी में सुबह से ही संगत के आने का सिलसिला शुरू हो गया। संगत ने समागम के दौरान गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी भाई मलिंदर सिंह, भाई बेअंत सिंह हैड ग्रंथी गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी और भाई सतनाम सिंह ने संगत को सिख इतिहास से जोड़ा। कार्यक्रम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा, मैंबर इंदरजीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह बुट्टर, बीबी जसबीर कौर मसाना व सुखजिंदर सिंह मसाना, चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सैकेटरी कार्यालय पीए सतपाल सिंह डाचर, फलाईंग प्रभारी जज सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह समेत अन्य ने भी शिरकत की।

### संगत के साथ गुरु इतिहास साझा किया

समागम में संगत का मार्गदर्शन करते हुए धर्म प्रचार के ढाडी जत्थे बीबी सतनाम कौर अपनी ढाडी वारों के माध्यम से संगत के साथ गुरु इतिहास साझा किया। उन्होंने कहा कि गुरबाणी, शबद और नाम सिमरन तीनों ही अमृत हैं। इन तीनों से मानव को आत्मिक जीवन व शांति मिलती है। नाम सिमरन/अमृत से सभी कष्ट दूर होते हैं। यही संदेश श्री गुरु नानक देव जी महाराज ने देश-दुनिया को दिया। उन्होंने कहा कि गुरबाणी, शबद और नाम सिमरन कर संगत को पाखंड व अंध विश्वास के मक्कड़ जाल से दूर रहना चाहिए। व्यक्ति को संसारिक यात्रा से मुक्ति दिलाने में सच्चे व पवित्र मन से नाम सिमरन ही अचूक माध्यम है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के मैंबर हरमनप्रीत सिंह बुट्टर ने कहा कि दुनिया के रहबर श्री गुरु नानक देव जी महाराज की शिक्षाओं को हमें जीवन में अपनाना चाहिए। उनकी शिक्षाओं को जीवन अपनाने से हम समाज को अंध विश्वास से मुकत कर सकते हैं।

# वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर 7 नवंबर को होंगे कार्यक्रम : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि वंदे मातरम गीत के 7 नवंबर को 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिला में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में एक साथ वंदे मातरम गीत को गाया जाएगा। वर्षभर में चार फेज में कार्यक्रम आयोजित होंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को वंदे मातरम को लेकर कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से कार्यक्रम को लेकर प्रदेश के सभी उपायुक्तों से चर्चा की। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि पहला फेज 7 नवंबर से 14 नवंबर तक आयोजित होगा। दूसरे फेज में 19 जनवरी 2026 से 26 जनवरी 2026 तक आयोजित होगा।

### दूसरे व तीसरे फेज में ये कार्यक्रम होंगे

उपायुक्त ने कहा कि तीसरे फेज में 7 अगस्त 2026 से 15 अगस्त 2026 तक हर घर तिरंगा अभियान के साथ संयुक्त रूप से वेंद मातरम कार्यक्रम आयोजित होंगे।



इसी तरह 1 नवंबर 2026 से 7 नवंबर 2026 तक अंतिम व चौथे फेज के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के विभिन्न पहलुओं, बंकिम चंद्र चटर्जी की जीवनी, स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम की भूमिका और भारत के इतिहास पर की जानकारी दी जाएगी। देशभक्ति की ऊर्जा को दिशा देने के लिए वंदे मातरम अभियान और हर घर तिरंगा अभियान एक साथ मनाए जाएगे। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के इतिहास पर एक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी और एक लघु फिल्म दिखाई जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि वंदे मातरम 7 नवंबर, 1875 को लिखा गया था।

# सतत चिकित्सा शिक्षा समारोह में जुटे प्रदेशभर से चिकित्सक

- चिकित्सा के नवीनतम विकास से अपडेट रहने में मदद करता सतत चिकित्सा शिक्षा समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन और नीमा कुरुक्षेत्र 2025 की इकाई द्वारा द्वारा राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग द्वारा अनुमोदित सतत चिकित्सा शिक्षा का आयोजन पिपली रोड स्थित एक निजी पैलेस में किया गया। सतत चिकित्सा शिक्षा समारोह में प्रदेशभर से 800 चिकित्सकों ने शिरकत की। सतत चिकित्सा शिक्षा वह शैक्षिक प्रक्रिया है जो डॉक्टरों को अपने ज्ञान, कौशल और पेशेवर प्रदर्शन को बनाए रखने या सुधारने में मदद करती है। यह चिकित्सकों को चिकित्सा के नवीनतम विकास से अपडेट रहने और रोगियों के लिए बेहतर देखभाल प्रदान करने में सक्षम बनाती है। इसका मुख्य उद्देश्य ज्ञान को सुदृढ़ करना और पेशेवर प्रदर्शन को बढ़ाना है ताकि डॉक्टर अपने मरीजों को बेहतर सेवा दे सकें। चिकित्सकों के लिए रजिस्ट्रेशन रिनूवल के लिए क्रेडिट प्वाइंट की जरुरत जिसके लिए सीएमई का आयोजन किया गया है।



कुरुक्षेत्र। समारोह में मौजूद अतिथिगण व चिकित्सक।

### चिकित्सकों को समापन पर सर्टिफिकेट बांटे जाएंगे

समारोह में शामिल 800 चिकित्सकों को समापन पर सर्टिफिकेट वितरित किया जाएगा। समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर भारतीय आयुर्वेद संस्थान के प्रधान डा. राकेश शर्मा, प्रोफेसर व लेखक डा. ताराचंद शर्मा मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान कुलपति, श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, डॉ. दिनेश अग्रवाल अध्यक्ष, भारतीय चिकित्सा परिषद हरियाणा तथा डॉ. दिनेश शर्मा रजिस्ट्रार, भारतीय चिकित्सा परिषद हरियाणा शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री, पद्मभूषण पुरस्कार प्राप्त वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा, अध्यक्ष अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन ट्रस्ट, नई दिल्ली ने की।

# श्रीजयराम विद्यापीठ में गढ़ेगा गीता जयंती महोत्सव 2025 का खूंटा

**थानेसर।** पिछले करीब साढ़े तीन दशकों से चली आ रही परम्परा के अनुसार धर्मनगरी के ब्रह्मसरोवर के तट पर स्थित श्री जयराम विद्यापीठ परिसर में भगवान श्री कृष्ण के श्री मुख से उत्पन्न हुई पावन श्री गीता के जन्मोत्सव गीता जयंती महोत्सव 2025 का आयोजन भव्य कार्यक्रमों के साथ होगा। श्री जयराम विद्यापीठ के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में शिक्षा, अध्यात्म, स्वास्थ्य, योग, गौ संरक्षण, कन्या शिक्षा व विज्ञान के क्षेत्र में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के सान्निध्य एवं श्री जयराम विद्यापीठ के संस्थापक व उनके पूज्य प्रातः स्मरणीय ब्रह्मलीन गुरु देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से पिछले करीब साढ़े तीन दशकों से हर वर्ष गीता जयंती महोत्सव के शुभारम्भ से पूर्व भगवान श्री राम के परमभक्त वीर हनुमान का आहवान किया जाता है और विद्यापीठ में नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। सिंगला ने बताया कि 11 नवम्बर को परम्परा के अनुसार परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी के सानिध्य में विद्वान ब्राह्मणों व ब्रह्मचारियों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ गीता जयंती महोत्सव कार्यक्रमों एवं पंडाल के लिए भूमि पूजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विद्यापीठ परिसर में जिस भूमि पर गीता जयंती महोत्सव के सभी कार्यक्रमों को आयोजित किए जाते हैं, उसी भूमि का पूरे विधि विधान के साथ पूजन किया जाता है।



थारेनसर। जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी।

# कार्तिक पूर्णिमा पर जयराम विद्यापीठ में हुआ पूजन एवं दीप दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

ब्रह्मसरोवर के तट स्थित श्री जयराम विद्यापीठ में जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर विद्वान ब्राह्मणों एवं ब्रह्मचारियों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया गया व भंडारे का आयोजन किया गया। अनुष्ठान के साथ ही करनाल से यजमान राजीव मित्तल ने सपरिवार कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष में भंडारे का आयोजन किया। इससे पूर्व दीपदान व आरती की गई। इस मौके पर श्रद्धालु तथा ट्रस्टी भी मौजूद रहे। परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्तिक पूर्णिमा सनातन धर्म का बहुत ही महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन महादेव ने त्रिपुरासुर नामक असुर का संहार किया था। इसी कारण से इसे त्रिपुरी पूर्णिमा भी कहते हैं। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र वासियों के लिए तो कार्तिक पूर्णिमा वैसे भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी स्थान पर भगवान श्री कृष्ण ने पुरी सृष्टि को गीता का संदेश दिया और कुछ दिन बाद ही कुरुक्षेत्र में भव्य गीता जन्मोत्सव आयोजित किया जायेगा। ब्रह्मचारी ने कार्तिक पूजन का महत्व बताया कि इस दिन पवित्र तीर्थ तथा नदी पर स्नान कर दीपदान, भगवान की पूजा, आरती, हवन तथा दान का बहुत महत्व है। उन्होंने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही संध्या काल में भगवान विष्णु का मत्स्य अवतार हुआ था। इसलिए इस दिन भगवान विष्णु जी की पूजा का विशेष महत्व है।





लाडवा। गुरुद्वारा सिंह सभा लाडवा में संगत को संबोधन करते हुए मुख्यमंत्री के धर्मपत्नी सुमन सैनी।

### श्रीगुरु नानक देव ने छोटे-बड़े, ऊंच नीच का मिटाया फर्क : सुमन सैनी

**लाडवा।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि श्री गुरु नानक देव ने 'नानक उत्तम नीच न कोई' का नारा देकर छोटे-बड़े, ऊंच-नीच का फर्क मिटाया था। उन्होंने ही नारी का सम्मान करने की भी सीख दी। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी बुधवार को लाडवा के सिंह सभा गुरुद्वारा में श्री गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। इससे पहले उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने सिंह सभा गुरुद्वारा में माथा टेका और प्रदेश की खुश, शांति और समृद्धि की अरदास की। इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, सिंह सभा के प्रधान सुरेंद्र सिंह, चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त, नपा चेयरपर्सन साक्षी खुराना, उप चेयरमैन सुरेंद्र सिंगला, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, भाजपा नेता नायब सिंह पटाक माजरा, नरेंद्र सिंघल, मोनिका गुप्ता, सन्नी कालड़ा, दीपेश सिंगला सहित साध संगत मौजूद रही।

# ज्ञान सागर ने राष्ट्रीय बैडमिंटन टूनार्मेंट में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र सेक्टर-13 के 73 वर्षीय ज्ञान सागर आहूजा ने राष्ट्रीय बैडमिंटन खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। बैडमिंटन की यह प्रतियोगिता मास्टर्स बैडमिंटन ऑल इंडिया टूनार्मेंट्स के अंतर्गत देहरादून में हुई जिसमें 35 से 80 प्लस वर्ष तक के 16 राज्यों एवं 6 केंद्र शासित प्रदेश के 634 महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने पसीना बहाया। देहरादून से कांस्य पदक जीतकर कुरुक्षेत्र पहुंचे ज्ञान सागर को स्थानीय लोगों ने सम्मानित किया। ज्ञान सागर आहूजा ने 70 प्लस आयु वर्ग में सिंगल्स, डबल एवं मिक्स डबल तीनों प्रतियोगिता में भाग लिया। मिक्स डबल्स में कांस्य पदक जीतकर दर्शकों की तालियां बटोरी। ज्ञान सागर ने यह भी बताया कि मिक्स डबल्स में पंचकूला की उषा शर्मा (87) के साथ मिक्स डबल की जोड़ी बनाकर मैच खेला था जिसमें उत्तराखंड के शेर सिंह पुनिया एवं सुनीता नागालिया की जोड़ी को हराकर कांस्य पदक जीता। ज्ञान सागर ने खुलासा किया कि वह पिछले 15 सालों के अंतराल में राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में कई मेडल जीत चुके हैं। इस मौके पर बाबूराम, दशमेश इलेक्ट्रॉनिक माइकल सिंह, आर.के. शर्मा भी मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। जानकारी देते कांस्य पदक विजेता ज्ञान सागर आहूजा।

**कार्यक्रम** | 27वीं हरियाणा राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

- मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान किए
- विजेताओं को आगामी स्पर्धा में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा

# योगासन अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बन रहा भारत की पहचान : सुभाष सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि अब योगासन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की पहचान बन रहा है। योग करने से शरीर स्वास्थ्य रहता है और समाज को आपस में जोड़ने का काम करता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में कोई जीतता और कोई हारता नहीं है, बल्कि आगे जीतने की शिक्षा लेकर जाता है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा बुधवार को हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन एवं हरियाणा सरकार के तत्वावधान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में 27वीं हरियाणा राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य ने की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान किए। चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य ने कहा कि इन विजेता खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। मिट्टी से मैडल तक की थीम पर हरियाणा में योगासन खेलों का यह सफल आयोजन युवाओं को प्रेरणा देगा। इस मौके पर आईटीबीपी के से.नि. आईजी ईश्वर सिंह दूहान, हरियाणा योगासन संघ सचिव युधवीर सिंह, डायरेक्टर ऑफ कम्पटीशन डॉ. कोमल कौशिक, नंदलाल बेनीवाल, उमेश नारंग, मदन मानव, डॉ. हर्षित, डॉ. निरूपमा भाटी, डॉ. रजनी वाला, राजेश कुमार, मीडिया कोऑर्डिनेटर गुलशन ग्रोवर शामिल रहे।




कुरुक्षेत्र। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

### ये रहा परिणाम

प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग की आर्टिस्टिक सिंगल पुरुष प्रतियोगिता में अर्जुन गुरुग्राम ने स्वर्ण, सुमित जींद ने रजत और जितन गुरुग्राम ने कांस्य पदक हासिल किया। इसी तरह आर्टिस्टिक सिंगल महिला प्रतियोगिता में मधु वर्मा हिसार ने स्वर्ण, मनीषा फरीदाबाद ने रजत और रिया राणा पानीपत ने कांस्य पदक जीता। उन्होंने कहा कि आर्टिस्टिक पेयर पुरुष प्रतियोगिता में युक्त शर्मा व कमल पंचकूला ने स्वर्ण पदक, सुमित व अभिषेक जींद ने रजत पदक, सोनू व अमित कुमार भिवानी और ऋषभ झा व स्वयम गुरुग्राम ने संयुक्त कांस्य पदक हासिल किया। इसी तरह आर्टिस्टिक पेयर महिला प्रतियोगिता में मनीषा व अंजली फरीदाबाद ने स्वर्ण, दिया व कोमल वर्मा सिरसा ने रजत और प्रिया व रिया राणा पानीपत ने कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने कहा कि रिदमिक पेयर पुरुष प्रतियोगिता में ऋषभ झा व जितन गुरुग्राम ने स्वर्ण पदक, अभिषेक व रोहित जींद ने रजत पदक और युक्त शर्मा व कमल पंचकूला ने कांस्य पदक जीता। इसी प्रकार रिदमिक पेयर महिला प्रतियोगिता में भतेरी व देवी पानीपत ने स्वर्ण, नैन्सी व आरती हिसार ने रजत पदक, निशा रानी व मनप्रीत कौर सिरसा और संजू व खुशी भिवानी ने कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने कहा कि ट्रेडिशनल योगासन पुरुष प्रतियोगिता में भविष्य पलवल ने स्वर्ण, दीपांशु कौशिक पानीपत ने रजत और स्वयं गुरुग्राम ने कांस्य पदक हासिल किया।

## खबर संक्षेप

### हादसे में बाइक सवार युवक की जान गई

**अंबाला।** सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बिहटा गांव के सचिन चौहान की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। सचिन ने बताया कि वह एक कंपनी में रिकवरी का काम करता है। सुबह अपने गांव से ड्यूटी पर जा रहा था तो इस दौरान साहा चौक की तरफ से आए तेज रफ्तार ट्रक कंटेनर ने एक बाइक में सीधी टक्कर मार दी।

### फिजी वायरस ने किसानों के सपनों पर पानी फेरा

**अंबाला।** फिजी वायरस ने किसानों के सपनों पर पानी फेर दिया। इस वजह से कई किसानों को आर्थिक संकट झेलना पड़ रहा है। जलबेड़ा गांव के किसान राजेंद्र की चार एकड़ में से मात्र 8 क्विंटल धान ही निकला है। राजेंद्र ने बताया कि आस लगाए बैठा था कि अच्छी पैदावार से वह नया ट्रैक्टर खरीदेगा, जबकि उसके पास चार एकड़ में से मात्र 8 क्विंटल धान ही निकला है।

### चोरी के मामले में दो आरोपित दबोचे

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरीश उर्फ धन्ना व सतपाल उर्फ चुन्ना को गिरफ्तार किया है। सेक्टर 10 के रहने वाले कुलदीप कुमार ने 1 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 अक्तूबर 2025 को आरोपियों ने अनाज मंडी अम्बाला शहर में स्थित उसकी दुकान से 10 बोरी जीरी चोरी कर ली है।

### साइबर अपराध के प्रति किया जागरुक

**अंबाला।** पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार अंबाला शहर के हर्बल पार्क पुलिस ने साइबर जागरूकता अभियान चलाकर आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने बारे जागरूक कर साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। इस कार्यक्रम में लगभग 260 आम नागरिकों, पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों व राहगीरों ने भाग लिया।

### हरियाणा अध्यापक संघ का रोष प्रदर्शन आठ को

**नारायणगढ़।** शिक्षकों की लंबित मांगों पर टरकाऊ रवैया अपनाया जा रहा है। इसके विरोध में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ 8 नवंबर को पानीपत में जोरदार प्रदर्शन करेगा। संघ एवं स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के जिला प्रधान सरदार सतनाम सिंह एवं सचिव मुकेश घारू ने कहा कि चार को राज्य कमेटी के शिष्टमंडल ने शिक्षा विभाग के एसीएस विनीत गर्ग, सेकेंडरी निदेशक जितेंद्र कुमार आदि के साथ बैठक की। पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई।

### मारपीट के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज झगडा मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी चेतन उर्फ राखी व नीरज को गिरफ्तार किया है। पूजा विहार के रहने वाले ठाकुर सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 अक्तूबर को बाइक सवार ने डंडो से वार चोट पहुंचाने का आपराधिक कार्य किया है।

---

### युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने गुरु नानक देव के प्रकाशपर्व पर गुरुघरों में मत्था टेकने के बाद की लंगर सेवा

# गुरुबाणी केवल शब्द नहीं बल्कि जीवन जीने की एक परिपूर्ण राह

*आने वाली पीढ़ियों में 'नाम सिमरन' और 'सेवा भाव' का संस्कार सबसे बड़ी पूंजी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गुरुनानक देव जी के प्रकाशपर्व की पावन बेला पर अंबाला छावनी का वातावरण भक्ति और आस्था की रोशनी से आलोकित हो उठा। इस अवसर पर समाजसेवी एवं नेत्री चित्रा सरवारा ने नगर के प्रमुख गुरुघरों श्री गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब ,गुरुद्वारा गोबिंद नगर,गुरुद्वारा सिंह सभा हरगोलाल रोड तथा गुरुद्वारा साहिब सरसेहड़ी व अनेकों गुरुघरों में माथा टेककर गुरु महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। संगत की उपस्थिति में उन्होंने देश, समाज और मानवता की सुख-शांति के लिए विनम्र भाव से अरदास की।

चित्रा सरवारा का स्वागत गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों द्वारा श्रद्धापूर्वक सिरोपा और श्री स्वरूप भेंट कर किया गया।इस अवसर पर गुरुघरों में चित्रा ने स्वयं अपने हाथों से संगत को लंगर वितरित किया।



अंबाला। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी पदाधिकारियों के साथ चित्रा सरवारा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

इस दौरान दीवान हाल में गूंज रही गुरबाणी की मधुर धुनों में उन्होंने श्रद्धा से श्रवण किया। सरवारा ने कहा की श्री गुरु नानकदेव से लेकर श्री गुरु गोबिंद सिंह तक सभी गुरु साहिबानों की वाणी हमें प्रेम, करुणा और समानता का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि गुरुबाणी केवल शब्द नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक परिपूर्ण राह है जिसमें न कोई ऊंच-नीच है, न कोई भेदभाव। उन्होंने यह भी कहा कि इस समय में सिख रहत मर्यादा के सिद्धांत हमें याद दिलाते हैं कि सेवा ही सच्ची साधना है और सब धर्मों का सार एक ही- "मानवता" गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब में चित्रा सरवारा ने विशेष रूप से उस ऐतिहासिक स्थल की महत्ता पर प्रकाश डाला। यहां गुरु हरकिशन साहिब ने मानव कल्याण की राह दिखाई। गुरुद्वारा गोबिंद नगर गुरुद्वारे में उन्होंने स्थानीय संगत के साथ 'अरदास दीवान' में भाग लिया और हरगोलाल रोड स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में संगत को लंगर वितरित कर गुरुमुखी पाठ के दौरान बच्चों को आशीर्वाद देते कहा कि आने वाली पीढ़ियों में 'नाम सिमरन' और 'सेवा भाव' का संस्कार सबसे बड़ी पूंजी है।

उन्होंने यह भी कहा कि गुरु महाराज ने हमें यह सिखाया कि /"पवन गुरु,पाणी पिता माता धरत महत/" अर्थात प्रकृति के तीनों तत्व ही हमारे गुरुओं के स्वरूप हैं, जिनका सम्मान और संरक्षण करना भी भक्ति का ही हिस्सा है।

### गुरु नानक देव जी ने दुनिया में फैलाया धर्म-एकता और मानव सेवा का संदेश

**अंबाला।** गुरु ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र सेवा समिति बहबलपुरमें गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा गुरबानी कीर्तन से की गई जिसके पश्चात कथा वाचक हरप्रीत सिंह जी बुडढा दल निशान वाली जत्थेदार ने गुरु नानक देव के जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरु नानक देव का जन्म 15 अप्रैल 1469 ईस्वी (संवत 1526) को कार्तिक पूर्णिमा के दिन तलवंडी (ननकाना साहिब, पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता का नाम कल्याण चंद और माता का नाम तृप्ता देवी था। उन्होंने धर्म, एकता और मानव सेवा का संदेश पूरे देश और विश्व में फैलाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गतके के जौहर भी दिखाए। बच्चों को शुद्ध पाठ और गुरबाणी का अभ्यास भी करवाया गया। कार्यक्रम के अंत में लंगर का प्रबंध किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्था की प्रधान बीबी भूपेंद्र कौर, अध्यक्ष ठाकुर सिंह, प्रिंसिपल सरबजीत कौर सहयोगी सचिव महान सिंह (पटियाला वाले), सुखविंदर सिंह (बहबलपुर), अमृतपाल सिंह (अंबाला), मनिंदर सिंह, स्वरूप सिंह, गुरचरण सिंह, सुरजीत सिंह (हुमांयूपुर) ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे गुरु नानक देव की शिक्षाओं का पालन करेंगे और देश व समाज के सुधार में योगदान देंगे।



अंबाला। गुरु नानक देव जी की वाणी का प्रचार करते रागी।

### गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर लोगों ने खीर का प्रसाद किया ग्रहण




अंबाला। लोगों को खीर का प्रसाद बरताते ऑल इंडिया अंबेड़कर महासभा के पदाधिकारी।

*ऑल इंडिया अंबेड़कर महासभा की प्रदेशाध्यक्ष रीना वाल्मीकि ने गुरु नानक देव की शिक्षाएं जीवन में धारण करने का दिलवाया संकल्प*

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| अंबाला

बुधवार को गांव बब्याल में गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर खीर का भंडार लगाया गया। इस दौरान ऑल इंडिया अंबेड़कर महासभा की प्रदेशाध्यक्ष रीना वाल्मीकि बतौर मुख्यअतिथि पधारी । यहां पहुंचने पर रीना वाल्मीकि का एडवोकेट ऋषिदत्त सागर, ललित बग्गन व ऋषि भूषण बग्गन, देवेंद्र टांक, कर्ण बग्गन, संदीप गोलू, मनमोहन शर्मा, शीतू, हर्षित, सुमित बग्गन, रामकुमार व राजकुमार ने उनका फूलमालाओं से अभिनंदन किया। साथ ही ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किए जान पर रीना वाल्मीकि को सभी पदाधिकारियों की ओर से शुभकामनाएं दी गई। इसके लिए दलित समाज के सभी लोगों ने रीना वाल्मीकि की ताजपोशी पर कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताया। इस दौरान रीना वाल्मीकि की ओर से लंगर में आए सभी लोगों को खीर का प्रसाद बरताया। साथ ही सभी को गुरु नानक देव जी के प्रकोशोत्सव पर बधाई दी। यहा अपने संबोधन में रीना वाल्मीकि ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने पूरी दुनिया को एकता का संदेश दिया था। उन्होंने ही उंच नीच के भेदभाव को खत्म करने के लिए सामाजिक कुरीतियों पर अपनी वाणी के जरिए करारा वार किया था। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षा कीरत करो बंड छको पूरी दुनिया में प्रचारित है। उन्होंने समाज के सभी युवाओं से गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करने का भी आग्रह किया।

---

## प्रदेश में हुई लोकतंत्र की सबसे बड़ी लूट : रोहित जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



एडवोकेट रोहित जैन।

■ कांग्रेस अनुशासन समिति सचिव बोले– 'ब्राज़ील की मॉडल नहीं, असली चेहरा है भाजपा–ईसी गठजोड़ का'

प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उजागर किए गए "हरियाणा वोट चोरी कांड" ने भाजपा और चुनाव आयोग के गठजोड़ की परतें पूरी तरह उधेड़ दी हैं। उन्होंने कहा कि अब यह कोई चुनावी अनियमितता नहीं, बल्कि संवैधानिक और लोकतांत्रिक व्यवस्था की संस्थागत चोरी है। जहां जनता के मताधिकार को व्यवस्थित रूप से छीना गया और सत्ता को "संख्याओं के जाल" में फँसाकर कब्ज़ा किया गया। प्रदेश कांग्रेस डेलिगेट रोहित जैन ने कहा कि राहुल गांधी ने जिन तथ्यों का सबूतों के साथ खुलासा किया, वे केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा पर किए गए प्रहार हैं। 25 लाख वोटों का यह हेरफेर एक योजनाबद्ध अपराध है, जिसमें भाजपा की शह और चुनाव आयोग की मौन स्वीकृति साफ झलकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की वोटर लिस्ट में ब्राज़ील की मॉडल की तस्वीर, डुप्लीकेट नाम, एक ही फोटो से 223 वोट, और एक मकान में 501 वोटरों का दर्ज होना यह दर्शाता है कि पूरा चुनाव प्रबंधन एक राजनीतिक साजिश के तहत संचालित किया गया। अम्बाला जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट जैन ने तीखा व्यंग्य करते हुए कहा अब लोकतंत्र का मकान नंबर भी '0' हो गया है। यही शून्य अब सरकार की नैतिकता में भी उतर आया है। जैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस "लोकतांत्रिक डकैती" के विरुद्ध हर स्तर पर निर्णायक लड़ाई लड़ेगी।

## भगवान श्रीराम ने भी समाज कल्याण के लिए किया था सुखों का त्याग

*श्रीराम रसा अमृत कथा में बोली साध्वी ऋतंबरा*



अंबाला। साध्वी ऋतंबरा का अभिनंदन करते आयोजक व रक्तदानियों को सम्मानित करती दीदी मां। *फोटो : हरिभूमि*

■ पहले दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, रक्तदान करने वालों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

नई अनाज मंडी में श्री सनातन जागरण मंच द्वारा आयोजित श्रीराम रसा अमृत कथा में पहले दिन श्रद्धालुओं की आपार भीड जुटी। कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है। पद्म भूषण अलंकृत वात्सल्यमूर्ति पूज्य दीदी मां साध्वी ऋतंभरा भक्तों को श्रीराम रसा अमृत कथा का रसपान करा रही हैं। कथा स्थल पर इन दिनों भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। बता दें कि पद्मभूषण अलंकृत वात्सल्य मूर्ति दीदी मां साध्वी ऋतंभरा का मंगलवार का श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया था। इस दौरान पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया और पुष्पवर्षा कर दीदी मां का अभिनंदन किया। यहां कथा 6 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक आयोजित की जा रही है।

### राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सहभागिता जरूरी

उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि "रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है जो न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचाता है बल्कि समाज में प्रेम, करुणा और सेवा की भावना को भी सशक्त करता है। जब हम किसी अज्ञात व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिए रक्तदान करते हैं, तब वास्तव में हम 'मानवता के धर्म' का पालन करते हैं। भगवान श्रीराम ने भी समाज के कल्याण के लिए अपने सुखों का त्याग किया था, उसी भावना से यदि हम दूसरों के हित में कार्य करें तो यही सच्ची रामभक्ति है। दीदी मां ने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल भक्ति में ही नहीं बल्कि समाज सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभाएं, क्योंकि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सेवा, संयम और संस्कार से ही समाज में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है।

## बिहार चुनाव : फिर स्टेशन पर बढ़ने लग गई यात्रियों की भीड़

■ लुधियाना–अमृतसर से पैक होकर आ रही हैं ट्रेनें, स्टेशन पर यात्री नहीं खोलते दरवाजे



**अंबाला।** बिहार चुनाव के लिए अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर एक बार फिर यात्रियों की भीड़ बढ़ने लगी है। ऐसे में स्टेशन पर व्यवस्थाएं एक बार फिर बिगड़ती हुई नजर आ रही है। अमृतसर और लुधियाना की तरफ से आने वाली ट्रेनों के दरवाजे भी बंद मिल रहे हैं जिन्हें खुलवाने के लिए जीआरपी सहित आरपीएफ को कड़ी कसरत करनी पड़ रही है। मंगलवार को देर रात भी ऐसे हालात स्टेशन पर देखने को मिले, जबकि बुधवार को भी कैंट रेलवे स्टेशन के अनारक्षित टिकट केंद्र पर यात्रियों का मेला लगा रहा। मंगलवार को देर रात लगभग 12:20 बजे अमृतसर से सहरसा जाने के लिए ट्रेन नंबर 15532 जैसे ही प्लेटफार्म तीन पर पहुंची तो पूरी व्यवस्था चौपट हो गई। यात्री कोच में चढ़ने के लिए चीखते-चिल्लाते रहे, लेकिन कोच के अंदर बैठे यात्रियों ने दरवाजा खोलने की कोई कोशिश नहीं की। अंदर बैठे यात्रियों ने इस अनदेखा कर दिया। जब आरपीएफ व जीआरपी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी दरवाजे खुलवाने की कोशिश की तो वो भी कामयाब नहीं हो पाए। मजबूरन अधिकांश यात्रियों को प्लेटफार्म पर ही रुकना पड़ा। उनकी आंखों के सामने ट्रेन निकल गई। बिहार चुनाव व शादी के सीजन को देखते हुए कैंट रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों की तैनाती की गई है, लेकिन उनके द्वारा पेश की गई रिपोर्ट से रेलवे को अंबाला से एक विशेष ट्रेन के संचालन के लिए बाध्य होना पड़ा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि बिहार चुनाव व शादी के सीजन को लेकर एक बार फिर भीड़ काफी बढ़ गई है। अमृतसर और लुधियाना से आने वाली ट्रेनें पूरी तरह से पैक आ रही हैं। इसलिए बुधवार रात को अंबाला से कटिहार के बीच एक विशेष ट्रेन चलाई गई है।

---

## चातुर्मास सिर्फ परंपरा नहीं बल्कि साधना की जीवनशैली : सुवृद्धि

*एसएस जैन स्थानक में चातुर्मास संपन्न समारोह में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़*



अंबाला। समारोह के दौरान मौजूद जैन साध्वियां व श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

एसएस जैन स्थानक में चातुर्मास हेतु विराजमान साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक के पावन सान्निध्य में चातुर्मास संपन्न समारोह श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। चातुर्मास संपन्न के अवसर पर सुबह 6 बजे से लगातार 24 घंटे तक नमोकार महामंत्र का अखंड जाप आरंभ किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने गहरी श्रद्धा और भक्ति के साथ सहभागिता निभाई। साध्वी रत्ना सुवृद्धि जी अपने प्रवचन में कहा कि चातुर्मास आत्मिक साधना, संयम और आत्मचिंतन का श्रेष्ठ पर्व है। इस दौरान व्यक्ति अपने अंदर की अशुद्धियों को दूर कर आत्मबल और शांति की अनुभूति प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म का मूल सार अहिंसा, संयम और करुणा है जिसे जीवन में अपनाकर मनुष्य स्वयं भी शांति पाता है और समाज में भी सुख-समन्वय का वातावरण बनता है। साध्वी सात्विक ने अपने उपदेश में कहा कि चातुर्मास सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि आत्मानुशासन और साधना की जीवनशैली है। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म का अर्थ केवल पूजा भर नहीं, बल्कि व्यवहार में विनम्रता, सत्य, शुद्ध आचरण और परस्पर सद्भाव रखना भी धर्म ही है। समारोह में उपस्थित सभी तपस्वी श्रद्धालुओं एवं गणमान्य व्यक्तियों का जैन सभा की ओर से सम्मान किया गया। साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक ने चातुर्मास के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लिए गए धर्मलाभ, तपस्या और सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक मंगल पाठ के साथ समारोह का समापन हुआ।

**सुविधा** पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि ने सभी योजनाओं का किया शुभारंभ

# डेढ़ करोड़ की लागत से विकास योजनाओं का शुभारंभ, कई वार्डों के लोगों को मिलेगा फायदा

■ वार्ड में लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व मंत्री असीम गोयल के निरंतर प्रयासों से अंबाला शहर विधानसभा में विकास योजनाओं की झड़ी लग रही है। बुधवार को वार्ड नंबर 7 में करीब 90 लाख रुपये से अधिक की लागत से विकास कार्यों की शुरुआत की गई।

इन कार्यों का शुभारंभ असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल और स्थानीय निगम सदस्य मोनिका मल ने संयुक्त रूप से विधिवत रूप से किया। इस मौके पर रितेश गोयल ने सभी क्षेत्रवासियों को गुरुपर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि असीम गोयल का लक्ष्य अंबाला शहर के हर वार्ड में संतुलित और तेज़ विकास कराना है। निगम सदस्य मोनिका मल ने विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन में वार्ड में लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान हो रहा है



अंबाला। वार्ड नंबर 5 में विकास योजनाओं के शुभारंभ पर पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि का अभिनंदन करते डिप्टी मेयर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**50 लाख से होने वाले कार्य शुरू :** अंबाला शहर में चल रहे विकास कार्यों को नई गति देते हुए पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से वार्ड नंबर 5 में भी 50 लाख रुपये से अधिक की लागत से विकास कार्यों की शुरुआत की गई।

प्रतिनिधि रितेश गोयल और डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने इन कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय मौजूद रहे। मौके पर उपस्थित लोगों और नेताओं ने विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि असीम गोयल के सतत प्रयासों से अंबाला शहर में विकास की रफ्तार लगातार बढ़ रही है और शहर के हर वार्ड में समान रूप से कार्य किए जा रहे हैं।

इस दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष अमन सूद,मनीष आंनद, निगम सदस्य मोनिका मल,हितेश जैन,रूबी सौदा,यतिन बंसल, योगेश साहनी,यशपाल चौधरी,भाजपा नेता संजीव गोयल टोनी,रविंद्र गुप्ता,राजेश गोयल,टिंकू विज,चंद्रमोहन फौजी,टीपी सिंह,बंसी लाल कपूर,रमन सैनी,आशु सैनी,मनीष मल भी मौजूद रहे।

### 12 लाख से गलियां होगी चकाचक

2 दिन पहले पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल द्वारा एक साथ 53 विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया था। उन्हें अब जमीन पर उतारने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। सुबह वार्ड 7 और उसके बाद वार्ड 5 में विकास के कार्य शुरू करवाए गए तो अब वार्ड 14 में भी करीब 12 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों को शुरू करवाया गया। गौरतलब है कि असीम गोयल ने निगम अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि 10 दिन के अंदर अंदर सभी वार्डों के काम शुरू कर दिए जाने चाहिए।